वर्ष 28 अंक 200
पृष्ठ 22+4+4=30
बरेली, रविवार
2 अप्रैल 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

दीक्षा समारोह में 111 छात्रों को मिली डिग्री

मेधावी छात्र, छात्राओं के साथ एसआरएमएस के देवमूर्ति व अतिथि • जागरण

जागरण संवाददाता, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के छठे दीक्षा समारोह में 111 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इसमें एमबीबीएस के 78 और एमडी, एमएस के 33 विद्यार्थी शामिल हैं। डिग्री और मेडल पाकर छात्रों के साथ परिजनों के चेहरे भी खुशी से चमक उठे। मुख्य अतिथि न्यूक्लियर मेडिसन एंड एलाइड साइंस के निदेशक डॉ. अजय कुमार सिंह, संस्था चेयरमैन देवमूर्ति ने छात्र-छात्राओं को सेवाभाव के साथ चिकित्सा क्षेत्र में काम करने का संदेश दिया। मेडिकल छात्रों को एमसीआइ की शपथ दिलाई गई।

एसआरएमएस का एमबीबीएस वर्ष 2011-16 बैच और एमडी, एमएस का 2013 बैच पास आउट हो गया है। एमबीबीएस में अराफा शम्स, 73.96 फीसद अंकों के साथ टॉपर रहीं। जबकि रितिका मुखर्जी 70.90 प्रतिशत अंकों के साथ सेकेंड टॉपर और शिप्रा गुप्ता 70.45 प्रतिशत अंकों के साथ थर्ड टॉपर बनीं। अराफा को डिग्री के साथ 51,000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि, चेयरमैन के साथ प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, प्राचार्य, डॉ. आरपी पुरोहित ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। निदेशक डॉ. निर्मल यादव ने स्वागत भाषण पेश किया। प्राचार्य ने संस्थान की ओर से चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार सिंह ने स्वर्गीय राममूर्ति को श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के प्रयास को सराहा। छात्रों को चिकित्सक बनने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नाभकीय चिकित्सा से शुरुआती दौर में ही गंभीर मर्ज पकड़ में आ जाएगी। इसलिए तकनीक से अपडेट रहें। संस्था चेयरमैन देवमूर्ति ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों को सहनशीलता, ईमानदारी का पाठ पढ़ाया।

छठा आयोजन

- एसआरएमएस के दीक्षा समारोह में डिग्री पाकर खिले छात्रों के चेहरे
- डिग्री धारक छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर काम करने का दिया संदेश

ग्रामीण क्षेत्र में जाकर गरीबों के उपचार का संदेश दिया। संचालन डॉ. रचिका भटनागर ने किया। संस्था के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. एसके हांडा, ट्रस्टी आशा मूर्ति, रिचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एचओ अग्रवाल, उमेश सक्सेना, उमेश सक्सेना, डॉ. आइए खान, विनीत वर्मा, अजीत सक्सेना, आसिफ रिजवी, विनीत शर्मा, अर्जित चौधरी, नितिन रस्तोगी, अखिल दीक्षित, केएम शर्मा आदि मौजूद रहे।

इन्हें मिला सम्मान : शिवानी दीक्षित, अंचल वर्मा, रितिका मुखर्जी, विदुषी तिवारी, अंकिता शर्मा, अलीशा, असी परवीन, इशान पार्थ, प्रज्ञा रानी, पुष्पा, सिमी अग्रवाल, साक्षी सिंह, समरीन महफूज, शिप्रा गुप्ता, सौम्या सक्सेना आदि शामिल हैं। इन छात्र-छात्राओं को सर्वोच्च अंक, विषयवार सर्वोच्च अंक, उपस्थिति आदि पर पुरस्कार दिया गया है।